# भारत सरकार

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

# यूको बैंक के साथ बैठक का कार्यवृत्त

## दिनांक 13.02.2020

## NCBC/08/01/221/2019-KSP

बैठक में उपस्थित अधिकारीः-

1. डॉ भगवान लाल साहनी, माननीय अध्यक्ष, रा.पि.व.आ.
2. डॉ लोकेश कुमार प्रजापति, माननीय उपाध्यक्ष, रा.पि.व.आ.
3. श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्य, रा.पि.व.आ.
4. श्री आचार्य थल्लोजु, माननीय सदस्य, रा.पि.व.आ.
5. श्री बी.के. पति, उप सचिव, रा.पि.व.आ.
6. श्री ए.के. गोयल, एम.डी. व सीईओ, यूको बैंक
7. श्री चरन सिहं, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर, यूको बैंक
8. श्री नरेश कुमार, जी.एम. (एच.आर.), यूको बैंक
9. श्री टी.वी. नेगी, जी.एम. (सीएलओ), यूको बैंक
10. श्री उपेन्द्र मोदी, एजीएम (एच.आर.), यूको बैंक
11. श्री राहुल कुमार, एस.एम. (एच.आर.), यूको बैंक
12. श्री इन्द्रजीत नास्कर, एस.एस. (एच.आर.), यूको बैंक
13. श्री गौतम कुमार, मैनेजर (एच.आर.), यूको बैंक
14. श्री प्रवीण कुमार पटेल, मैनेजर (एच.आर.), यूको बैंक

**एम.डी., यूको बैंकः**- सर, यूको बैंक की कुल 3088 शाखाएं है जिसमें 2 शाखाएं ओवरसीज में है बाकी 3086 डोमेस्टिक है।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में ओबीसी का कोई सदस्य शामिल है?

**एम.डी., यूको बैंकः**- सर, हम यह जाति की जानकारी नही रखते है वैसे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में कोई भी ओबीसी नही है।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- 02.07.1997 को पोस्ट-वेस्ड स्विच ऑवर के समय ओबीसी का कितना सोर्टफाल था?

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः-** ओबीसी के कर्मचारियों की संख्या 27% से कम क्यों है?

**एम.डी., यूको बैंकः-** सर, काफी कर्मचारी1993 के पहले के भर्ती है और जैसा की आप देख सकते है प्रत्येक वर्ष ओबीसी के कर्मचारियों की संख्या बढ़ती जा रही है बहुत जल्द इनकी संख्या 27% होगी।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः-** क्या सीधी भर्ती के लिए रोस्टर को मेन्टेन रखने के लिए ग्रुपिंग ऑफ पोस्ट के तरीके को अपनाया गया है?

**एम.डी., यूको बैंकः-** हमारे यहा ग्रुपिंग ऑफ पोस्ट नही किया गया है हम सभी पदों पर आरक्षण दे रहे है।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः-** क्या समय-समय पर लाईसन ऑफिसर द्वारा रोस्टर की जाँच की जाती है?

**एम.डी., यूको बैंकः-** सर, लाईसन ऑफिसर द्वारा समय-समय पर रोस्टर की जाँच की जाती है।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः-** 2017 के बाद 2018 के रोस्टर की जाँच अभी तक क्यों नही करायी गयी है?

**लाईसन ऑफिसर, यूको बैंकः-** सर, 2018 के रोस्टर की जाँच किया जाना अभी बाकी है रोस्टर की जाँच डी.एफ.एस. के साथ मिलकर की जाती है अभी तक वहा से रोस्टर की जाँच के लिए नही बुलाया गया है इसलिए यह अभी तक नही हो पाई है।

**एम.डी., यूको बैंकः-** सर, 2018 के रोस्टर की जाँच अब तक हो जानी चाहिए थी हम भी अपनी तरफ से डी.एफ.एस. को जल्दी जाँच के लिए लिखते है और आगे से इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि रोस्टर की जाँच सही समय पर की जाए।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः-** क्या ओबीसी की भर्तियों के लिए कोई विशेष भर्ती अभियान चलाया गया है?

ओबीसी का लाईसन नियुक्त किया जाए। सभी ऑफिसों में शिकायत रजिस्टर बनाए जाए व उनको ठीक प्रकार से मेन्टेन किया जाए।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- क्या डीपीसी के समय ओबीसी के सदस्य को उसमें शामिल किया जाता है?

**एम.डी., यूको बैंकः**- सर, डीपीसी में ओबीसी के सदस्य को रखना मेन्डेटरी नही है।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- क्या यूको बैंक में किसी आरक्षित पद को डी-रिजर्व किया गया है?

**एम.डी., यूको बैंकः**- नही सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- क्या ओबीसी की आरक्षण नीति के चैप्टर को यूको बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया जाता है?

**एम.डी., यूको बैंकः**- हाँ सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिहं पटेल, माननीय सदस्यः**- यूको बैंक में ओबीसी के आरक्षण से संबंधित सभी नियमों का पूर्णतया व सख्ती से पालन किया जाए और ओबीसी के लाईसन ऑफिसर को आरक्षण से संबंधित ट्रेनिंग करायी जाए।

**बैठक सम्पन्न।**

(कौशलेन्द्र सिहं पटेल)
सदस्य, रा.पि.व.आ.

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
# भारत सरकार

## मिसिल संख्या NCBC/08/01/221/2020-KSP

## यूको बैंक, भुवनेश्वर के अधिकारीगण के साथ दिनांक 03.09.2021 को हुई सुनवाई का कार्यवृत

**बैठक में उपस्थित सदस्य एवं अधिकारीगणः-**

1. **श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग।**
2. **श्री राजेश कुमार, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग।**
3. **श्री अरूपनंदा जेना, अंचल प्रबंधक, यूको बैंक, भुवनेश्वर, उड़ीसा।**
4. **श्री अविनाश सेट्टी, प्रबंधक(एचआर), यूको बैंक, भुवनेश्वर, उड़ीसा।**

**सुनवाई का विस्तृत विवरणः-**

1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या यूको बैंक का रोस्टर रजिस्टर वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसके प्रतिउत्तर में अंचल प्रबंधक, यूको बैंक, भुवनेश्वर द्वारा बताया गया कि रोस्टर रजिस्टर बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा पूछा गया कि भुवनेश्वर में ओबीसी का लाईसन ऑफिसर कौन है जिसके प्रतिउत्तर में अंचल प्रबंधक, यूको बैंक, भुवनेश्वर द्वारा बताया गया कि अंचल प्रबंधक ही ओबीसी एवं एससी/एसटी का लाईसन ऑफिसर होता है।
3. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा कहा गया कि आयोग को वर्ष 1993, 1997 व 2005 का रोस्टर रजिस्टर दिखाया जाएं जिसके प्रतिउत्तर में अंचल प्रबंधक, यूको बैंक, भुवनेश्वर द्वारा बताया गया कि हमारे यहां 2016 से रोस्टर रजिस्टर बनाया गया है और 2020 तक का रोस्टर रजिस्टर बना हुआ है। आयोग द्वारा यह जानकारी शपथ-पत्र पर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।
4. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा पूछा गया कि आपके यहां 2016 से पहले का रोस्टर रजिस्टर नही है क्या इसकी जानकारी यूको बैंक द्वारा डीएफएस या हैड ऑफिस को बताया गया है जिसके प्रतिउत्तर में अंचल प्रबंधक, यूको बैंक, भुवनेश्वर द्वारा बताया गया कि हमें रोस्टर रजिस्टर का जानकारी नही थी।

अविनाश सेठी
प्रबंधक (एचआर)

पदेन संपर्क अधिकारी/ अंचल प्रबंधक
Ex-Officio Liaison Officer/Zonal Manager
यूको बैंक/UCO BANK
भुवनेश्वर/BHUBANESWAR

अगर हमें दिसंबर 2021 तक का समय दिया जाएं तो हम रोस्टर रजिस्टर रिक्रेएट कर आयोग में जमा करा देंगे।

5. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा पूछा गया कि रोस्टर रजिस्टर न होने के संबंध में क्या यूको बैंक के सीवीओ को सूचित किया गया है राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा पूछा गया कि इस संबंध में सीवीओ को सूचित नही किया गया है।

**(श्री अविनाश सेट्टी)**
**प्रबंधक(एचआर)**
**यूको बैंक, भुवनेश्वर, उड़ीसा**

**(श्री अरूपनंदा जेना)**
**अंचल प्रबंधक**
**यूको बैंक, भुवनेश्वर, उड़ीसा ।**

पदेन संपर्क अधिकारी/अंचल प्रबंधक
Ex-Officio Liaison Officer/Zonal Manager
यूको बैंक/UCO BANK
भुवनेश्वर/BHUBANESWAR

**(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)**
**माननीय सदस्य**
**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

## NCBC/08/01/221/2020

## यूको बैंक के साथ दिनांक 09.07.2021 की सुनवाई का कार्यवृत

बैठक में उपस्थित सदस्य एवं अधिकारिगण:-

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री राजेश कुमार, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
3. श्री रामायण यादव, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
4. श्री अतुल कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूको बैंक
5. श्री नरेश कुमार, महाप्रबंधक (मा.सं.वि.), यूको बैंक

**सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण बिन्दु:-**

1. माननीय आयोग द्वारा यूको बैंक से पूछा गया कि पिछली सुनवाई के बाद यूको बैंक में क्या क्या सुधार किये गये, जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक द्वार बताया गया कि पहला सुधार तो एससी/एसटी/ओबीसी के एक ही लाईसन ऑफिसर थे परंतु माननीय आयोग के सुझाव के बाद हमने ओबीसी वर्ग के लिये अलग से लाईसन ऑफिसर नियुक्त कर दिया है जिनका नाम श्री अशोक बी. तेलंग है जो महाप्रबंधक है। आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या श्री अशोक बी. तेलंग ओबीसी वर्ग से हैं, जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हमारे यहां ओबीसी वर्ग से कोई भी महाप्रबंधक नही है।
2. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या ओबीसी का अलग से सेल बना लिया गया है जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ओबीसी का अलग से सेल बना दिया गया है।

नरेश कुमार 21/10/21

3. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या वित्त मंत्रालय से रोस्टर रजिस्टर का वेरिफिकेशन कराया गया है जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 के रोस्टर रजिस्टर का वेरिफिकेशन हो गया है वर्ष 2019-20 का भी रोस्टर रजिस्टर बन गया है। मंत्रालय से जो दिनांक मिली थी वह स्थगित हो गयी है इस लिये 2019-20 का वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है।
4. माननीय आयोग द्वारा कहा गया कि यूको बैंक की पिछले 3 वर्षों की एनुअल रिटर्न आयोग को उपलब्ध कराये जिसके जवाब में महाप्रबंधक (मा.सं.वि) ने कहा कि हम आयोग को उपलब्ध करा देंगे।
5. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि ईडब्लूएस का आरक्षण कब से लागू हुआ है, जिसके जवाब में महाप्रबंधक (मा.सं.वि) ने बताया कि वर्ष 2018 से ईडब्लूएस का आरक्षण लागू हुआ था, यह जानकारी आयोग द्वारा शपथ-पत्र पर उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।
6. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि यूको बैंक में कितने ईडी है जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हमारे यहां 2 ईडी हैं जिनमे से कोई भी ओबीसी वर्ग से नहीं है।
7. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि यूको बैंक में कितने महाप्रबंधक है जिसके जवाब में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि बैंक में 13 महाप्रबंधक है जिसमें ओबीसी वर्ग से कोई नहीं है। बैंक में 66 डीजीएम व 166 एजीएम है। उसमें ओबीसी वर्ग से कितने है यह जानकारी आयोग को उपलब्ध करा दी जायेगी ।

8. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि यूको बैंक में कॉट्रेक्ट बेसिस पर नियुक्ति होती है जिसके जवाब में महाप्रबंधक (मा.सं.वि) ने बताया कि हमारे यहां कॉट्रेक्ट बेसिस पर नियुक्ति नहीं होती है।

नरेश कुमार
21/10/21

9. माननीय आयोग द्वारा कहा गया कि दिल्ली सर्किल में पिछले 3 वर्षों में जितने भी पार्ट टाइम कर्मचारियों को फुल टाइम किया है उनका रोस्टर रजिस्टर और इंटरव्यू बोर्ड की डिटेल आयोग को उपलब्ध करायी जाये।

10. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि यूको बैंक का वर्ष 1993 से 2004 के तक का रोस्टर रजिस्टर क्यों उपलब्ध नही है जिसके जवाब में महाप्रबंधक (मा.सं.वि) ने बताया कि उक्त रोस्टर रजिस्टर हमें मिल नहीं पाया है, आयोग द्वारा यह जानकारी शपथ-पत्र पर उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।

11. माननीय आयोग द्वारा पूछा गया कि यूको बैंक में रोस्टर की रि-कास्टिंग अंतिम बार कब हुई है जिसके जवाब में महाप्रबंधक (मा.सं.वि) द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष रोस्टर रिकास्ट किया जाता है। आयोग द्वारा यह जानकारी शपथ-पत्र पर उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।

12. दिनांक 09.07.2021 को सुनवाई के दौरान के शपथ-पत्र पर यूको बैंक के महाप्रबंधक(मा.सं.वि.) द्वारा बताया गया कि बैंक की एनुअल रिपोर्ट में जो मैनपावर मैनेजमेंट (स्टाफ) की स्थिति दी गई है वह टेबुलर फार्म में नहीं दी गई है वह पैरा ग्राफ में दी गई है जो सारांश रूप में दी गई है।

13. दिनांक 09.07.2021 को सुनवाई के दौरान के शपथ-पत्र पर यूको बैंक के महाप्रबंधक(मा.सं.वि.) द्वारा बताया गया कि वर्ष 1993 से वर्ष 2003 तक का रोस्टर हमारे कार्यालय में हम नहीं खोज पाये हैं हम उसे पुनः खोजने का प्रयास करेंगे।

14. दिनांक 12.07.2021 के शपथ-पत्र पर यूको बैंक के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि OBC comes in the 3rd point (column) in the reservation roster. Myself is the Ex-officio Liaison Officer of the reservation cell.

15. दिनांक 12.07.2021 के शपथ-पत्र पर यूको बैंक के डीजीएम और जोनल हेड, नई दिल्ली द्वारा बताया गया We in UCO Bank, New Delhi Zonal officer do not have a separate OBC cell. However, we do have reservation cell which looks after SC/ST and OBC. All rosters are available since 1993 onwards and this shall be submitted to the Commission within 7 days. Zonal Head in the Ex-officio Liaison Officer for OBC.

16. दिनांक 12.07.2021 के शपथ-पत्र पर प्रबंधक द्वारा बताया गया I, Sujoy Dutta, DGM & Zonal Head New Delhi Hereby declare that we in UCO Bank, New Delhi Zonal Office do not have a separate OBC Cell. However, we do have a reservation cell which looks after SC/ST and OBCs. All rosters are available since 1993 onwards and this shall be submitted to the Commission within 7 days. Zonal Head in the Ex-officio Liaison Officer for OBC.

उपरोक्त अपेक्षित सभी जानकारी आयोग को 7 कार्यदिवस में उपलब्ध करायी जाये।

नरेश कुमार
21/10/2021

| | |
|---|---|
| **(श्री नरेश कुमार)** | **(श्री अतुल कुमार गोयल)** |
| **महाप्रबंधक (मा.सं.वि.),** | **प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी,** |
| **यूको बैंक** | **यूको बैंक** |

**(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)**
**माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**